an>

Title: Situation arising due to difference in prices of petrol and diesel in Jaipur and Hanumangarh in Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से डीजल-पेट्रोल पर ओवरचार्जिंग हनुमानगढ़ और गंगानगर डिस्ट्रिक्ट में हो रही है, मैं उसकी तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस का पत्र दिनांक 19.01.2015 में भारत स्टेज-4 ऑटो फ्यूल को लागू करने की बात राजस्थान के चार डिस्ट्रिक्ट्स में करने की बात की गयी थी, जिनमें अलवर, भरतपुर, गंगानगर और हनुमानगढ़ है। यह जो रिकमैंडेशन थी, यह रिकमैंडेशन एक्सपर्ट कमेटी ऑन आटो फ्यूल विजन पालिसी, 2025 के रूप में की गई। मेरा इतना ही कहना है कि जो हनुमानगढ़ और गंगानगर हैं, वे राजस्थान के नार्थ हिस्से में पड़ते हैं और राजस्थान के अंदर भारत स्टेज 4 फ्यूल सप्लाई का डिपो भरतपुर में है। 600 किलोमीटर की दूरी होने के कारण अप एंड डाउन 200 किलोमीटर डिस्टेंस बढ़ती है, जिससे फ्यूल की ट्रांसपोर्टेशन कास्ट बहुत ज्यादा बढ़ जाती है और आसपास के डिस्ट्रिक्ट के मुकाबले में 3.75 रुपये का एक्सट्रा रेट कंज्यूमर को पे करना पड़ता है, जो एक बहुत बड़ी समस्या का कारण बनता जा रहा है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जो पास ही में 50 और 100 किलोमीटर की रेंज के अंदर भटिंडा की रिफाइनरी पंजाब में स्थित है, उसके थ्रू गंगानगर और हनुमानगढ़ को सप्लाई दी जाए, ताकि ट्रांसपोर्टेशन कास्ट केवल 50 पैसे रहे, न कि 3.75 रुपये रहे। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जो सप्लाई हनुमानगढ़ और गंगानगर है, वह भटिंडा, पंजाब से देकर लोगों को राहत प्रदान की जाए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Rahul Kaswan.